सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{09 चैत्र, 1937 (श0)}}{\text{30 मार्च, 2015 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **43**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | गृह विभाग | .. | .. | 25 |
| (2) | सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 02 |
| (3) | वित्त विभाग | .. | .. | 03 |
| (4) | उद्योग विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) | सांख्यिक वित्त विभाग | .. | .. | 05 |
| (6) | कारा विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) | गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग — | 43 |

सुविधा मुहैया कराना

*667. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धनकुंड ओ0 पी0 भवनहीन होने के कारण धनकुंडनाथ मंदिर परिसर में कार्यरत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धनकुंड ओ0 पी0 में पदस्थापित पुलिसकर्मियों के लिये आवासन की व्यवस्था नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार धनकुंड ओ0 पी0 को अपना भवन तथा इसमें पदस्थापित पुलिसकर्मियों के लिये आवासन की सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण की व्यवस्था

*668. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मंडल कारा, नवादा में सश्रम आजीवन कारावास प्राप्त कैदियों एवं हाजती, दिवानी बन्दियों के लिये किसी प्रकार की प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं कम्बल, रस्सी, कपड़ा, साबुन निर्माण करवाने का कोई कार्यक्रम नहीं चलता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मंडल कारा, नवादा के साथ-साथ प्रदेश के अन्य मंडल काराओं में कैदियों एवं बन्दियों को प्रशिक्षण दिलवाने के साथ-साथ कम्बल, रस्सी, कपड़ा, साबुन इत्यादि सामग्रियों का निर्माण करवाने एवं अन्य कल्याणकारी योजना चलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उद्योग स्थापित कराना

*669. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत प्रति वर्ष 33,000 हेक्टेयर में धान, 26,000 हेक्टेयर में गेहूँ एवं 11,000 हेक्टेयर में मक्का की खेती होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धान, रब्बी एवं मक्का पर आधारित उद्योग नहीं रहने के कारण किसानों को धान, गेहूँ एवं मक्का का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय जिला में कृषि पर आधारित उद्योग स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

यात्रा भत्ता का भुगतान

*670. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत जिला पुलिस बल को विगत तीन वर्षों से यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जबकि यात्रा भत्ता की राशि आवंटित है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*671. श्री दिनेश कुमार सिंह --क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखंड के रामनाथ टोला, अकरूऑं, करावाँ एवं ऐना कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कृषि क्लब का गठन

क-*672. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के सभी पंचायतों में कृषि क्लब का गठन करने का सरकार द्वारा 2012 में निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के बैंकों, नावार्ड आदि के प्रशासनिक सहयोग नहीं होने के कारण राज्य के सभी पंचायतों में कृषि क्लब का गठन अभी नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के सभी पंचायतों में कृषि क्लब का गठन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिस अनुमंडल बनाना

*673. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में बढ़ते नक्सली एवं माओवादियों के गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 2517 भी0 ओ0, दिनांक 11 दिसम्बर, 2013 द्वारा आरक्षी उप-निरीक्षक, सारण, छपरा, आई0 जी0, मुजफ्फरपुर एवं पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को गोपालगंज जिले के बरौली को पुलिस अनुमंडल बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक बरौली को पुलिस अनुमंडल मुख्यालय नहीं बनाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बरौली को पुलिस अनुमंडल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दंडित करना

*674. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार में दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''आधा दर्जन हत्याओं का नहीं हुआ खुलासा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना में इंजीनियर, अधिकारी सहित वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2014 तक कुल हत्या के 9 वारदात हुये हैं लेकिन आजतक एक भी वारदात का खुलासा नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार इसके लिये लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त हत्या काण्डों का खुलासा कर अपराधियों को दंडित करने का विचार कबतक रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'- कृषि विभाग से वित्त विभाग को स्थानांतरित ।

बैंक की शाखा खोलना

*675. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया से मुजफ्फरपुर जिला के साहबगंज तक एस०एच० 74 पर लगभग 10 कि०मी० की दूरी पर कोई भी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा अवस्थित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के बैंक उपभोक्ताओं को बैंक शाखा नहीं रहने से काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार केसरिया से साहबगंज के बीच एस०एच० 74 पर दिलिया बाजार या शैलेश बाजार पर बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

जलमीनार स्थापित करना

*676. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला स्थित बिहारशरीफ जेल में जलमीनार नहीं होने के कारण कैदिया एवं आरक्षियों को पानी पीने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जेल कैदियों एवं आरक्षियों को पानी पीने हेतु जेल में ही जलमीनार स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

स्थानान्तरित कराना

*677. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के श्रीनगर थाना संस्कृत मध्य विद्यालय में 10 वर्षों से कार्यरत है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त थाना को संस्कृत मध्य विद्यालय से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराने का विचार रखती है, हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

थाना बनाना

*678. श्री (डॉ०) कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के तपोवन एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तपोवन में प्रतिदिन सैकड़ों बौद्ध लोग एवं इलाकों से यात्रीगण आया करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बौद्ध यात्रीगण एवं दुर-दराज से आये यात्रियों की सुरक्षा देने हेतु तपोवन में एक थाना बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

घेराबंदी कराना

*679. श्री (डॉ०) अब्दुल गफूर --क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंडान्तर्गत अग्रेजिया पोखड़ तेलवा महेशपुर कब्रिस्तान को श्री राम प्रसाद रोशन, पिता कामेश्वर सदा एवं जवाहर सदा, पिता हिरा सदा द्वारा अतिक्रमण किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिक्रमण के कारण दो समुदाय के बीच वर्ष 1998 एवं 2013 में विवाद भी हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान का सीमांकण कराकर घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*680. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत जंगलाटाल-ग्राम पंचायत के बघना गाँव के कब्रिस्तान की घेराबंदी का काम नहीं किया जा सका है, यदि यह बात सही है तो क्या सरकार वहाँ के कब्रिस्तान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्थानान्तरित करना

*681. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत अवतारनगर थाना फोरलेन सड़क निर्माण के बीच में पड़ने के कारण फोर लेन निर्माण कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त थाना को दूसरे जगह स्थानांतरित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

बैंक की शाखा खोलना

*682. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है वैशाली जिलान्तर्गत जनदाहा प्रखंड के जशपरहा, नरिकलन, मुरादाबाद एवं अदलपुर ग्राम में बैंक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है कि 5000 की आबादी पर एक बैंक खोलने का निर्णय लिया गया है, उक्त गाँवों की आबादी 5000 से अधिक है, लेकिन सरकारी बैंक की कोई शाखा नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सामग्री उपलब्ध कराना

*683. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज, काशीचक, पकरीबरावाँ, रोह, अकबरपुर, नवादा, नारदीगंज, हिसुआ एवं सिरदला प्रखंडों की मिट्टी, गन्ना फसल के लिये काफी उपयुक्त है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में गन्ना उत्पादक कृषकों को उन्नत प्रभेद का गन्ना, बीज एवं अन्य सामग्री उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुदान की राशि देना

*684. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के संयुक्त सचिव, गृह (विशेष) विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या ज्ञापांक ए/एस०आर०ई० (49) 4/2012-4419, दिनांक 21 मई, 2013 में नक्सली हिंसा में मारे गये लोगों को तीन लाख रुपये आश्रितों को अनुग्रह अनुदान भुगतान करने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नक्सली हिंसा में स्व० नन्दकिशोर यादव एवं स्व० मोहन राय, ग्राम-कतालपुर, मीरा टोला, अंचल+थाना-बैकुण्ठपुर, जिला-गोपालगंज की हत्या दिनांक 5 दिसम्बर, 2013 को नक्सली हिंसा में हो गई, लेकिन अबतक नक्सली हिंसा में मारे गये दोनों मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि तीन-तीन लाख रुपया अबतक नहीं दी गयी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मृत परिवार के आश्रितों को कबतक अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है ?

--------

नाका की स्थापना

*685. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार बाजार एवं महनार सदर में पिछले 1 वर्ष में अपराध की घटनाओं में वृद्धि हुई है और पिछले तीन माह में अतिपिछड़ा वर्ग के तीन व्यक्तियों की हत्या एवं अपहरण की घटनाएँ हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महनार थाना में पूर्व से महनार बाजार में एक नाका की स्वीकृति वर्ष 2003-04 में प्रदान की गयी थी, जो वर्तमान में महनार थाना में कार्यरत है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महनार थाना अन्तर्गत महनार के लावापुर और स्टेशन रोड में एक-एक नाका की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*686. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार में दिनांक 3 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''सूबे में तेजी से बढ़ रहा साइबर क्राइम का ग्राफ'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना राजधानी में बड़ी तेजी से साइबर क्राइम बढ़ रहा है लेकिन पुलिस प्रशासन इसे नियंत्रित करने में असमर्थ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलिस प्रशासन ने साइबर सेल की स्थापना विगत वर्ष की है परन्तु कुछ मामलों को छोड़कर यह सेल सिर्फ सफेद हाथी बनकर रह गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार तत्काल साइबर क्राइम को कन्ट्रोल करने हेतु आवश्यक कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

घेराबंदी पूर्ण कराना

*687. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ग्राम+पो०-मालीनगर, थाना-चकमेहसी स्थित कब्रिस्तान वर्ष 2011 में अतिवर्षा के कारण ध्वस्त हो गया, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*688. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के ठरैन स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी अभीतक नहीं किया जा सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कब्रिस्तान घेराबंदी नहीं होने से स्थानीय लोगों में विवाद होता रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ठरैन स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*689. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के तिसीऔता, गोवाचौक, डभैत, मुसापुर, मउद बुर्जुगडीह, बंधर कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*690. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने सभी कब्रिस्तानों की घेराबंदी करने की घोषणा वर्ष 2006 में किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के बुधौली बनकर पंचायत अन्तर्गत लक्ष्मिनियाँ कब्रिस्तान की घेराबंदी अभीतक नहीं की जा सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लक्ष्मिनियाँ कब्रिस्तान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, अगर हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बदहाली दूर करना

*691. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के बुनकरों की बेहतरी एवं देश-विदेश में बिहार के हस्तकरघा के बेहतरीन उत्पाद को पहुँचाने हेतु वर्ष 1948 में को-ऑपरेटिव ऐक्ट के तहत बिहार राज्य हस्तकरघा बुनकर संघ बनाया गया जिसके तहत लगभग 400 बुनकर समितियाँ कार्यरत रही;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1993 से बिहार राज्य हस्तकरघा बुनकर संघ मृतप्राय है जिसके कारण पटना स्थित इसके कॉमर्शियल बिल्डिंग एवं बुनकर हाट पर अवैध कब्जा हो गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिहार राज्य हस्तकरघा बुनकर संघ की बदहाली को दूर करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुपालन सुनिश्चित कराना

*692. श्री विक्रम कुँवर--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''अपना आदेश खुद नहीं मान रहे अधिकारी'' के आलोक में क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार ने अगस्त, 2014 में सभी विभाग के प्रधान सचिव, सचिव, जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के महीने में एक बार गाँव में कैम्प कर राज्य में चल रहे जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिलता है या नहीं, का जायजा लेने का निर्देश दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के पदाधिकारीगण इस आदेश का उल्लंघन करते हुये किसी भी गाँव में कैम्प नहीं किया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में जारी उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का विचार रखती है ?

---------

व्यवस्था ठीक करना

*693. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा बाजार में प्रतिदिन एन०एच० 103 गाँधी चौक पर गाँधी चौक से गुदरी बाजार तक घंटों जाम लगने के कारण उत्तर बिहार के कई जिलों से पटना जाने वाले यात्रियों को काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि गाँधी चौक जन्दाहा पर दिन में पर्याप्त यातायात पुलिस बल की अनुपस्थिति के कारण गाड़ियों का जाम लगत है, जिससे क्षेत्र की जनता में काफी असंतोष है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गाँधी चौक जन्दाहा पर यातायात व्यवस्था को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*694. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 10 मार्च, 2015 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''नहीं मिल रहा योजना का लाभ टूट रही स्वरोजगार की आस'' के आलोक में क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिये उद्योग विभाग द्वारा चलाये जा रहे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की स्थिति काफी दयनीय है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग तथा बैंकों की लापरवाही के कारण लक्ष्य के विरुद्ध अबतक मात्र 23 प्रतिशत ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सका है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त योजना के प्रति लापरवाही बरतने वाले विभाग के पदाधिकारियों सहित बैंकों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---------

शाखा खोलना

*695. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंडान्तर्गत कढ़ान बाजार लगभग 25 हजार आबादी का केन्द्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा लगभग 10 कि०मी० से अधिक दूरी पर रहने से बैंक संबंधी कार्यों के लिये आमलोगों को काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, हाँ, तो क्या सरकार कढ़ान बाजार पर बैंक की शाखा खोलकर आम लोगों को बैंक संबंधी लाभ दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नियुक्ति करना

*696. श्री सुमित कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गृह (आरक्षी) विभाग के ज्ञापांक 9485, दिनांक 23 सितम्बर, 2013 के अनुसार बिहार पुलिस में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सिपाही के पद पर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर नियुक्ति करने का प्रावधान किया गया था, यदि हाँ, तो सरकार गृह (आरक्षी) विभाग के अधिसूचना के अनुसार नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

शेड का निर्माण

*697. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत मुहल्ला धरमपुर में अवस्थित कब्रिस्तान में शेड काफी जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नया शेड का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बैंक शाखा खोलना

*698. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत अवस्थित कुचायकोट बाजार एक व्यावसायिक मार्केट है, लेकिन वहाँ एक भी नेशनलाइज बैंक की कोर बैंकिंग सोलुशन शाखा कार्यरत नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कुचायकोट बाजार में कॉमर्सियल बैंक की सी०बी०एस० शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ऋण उपलब्ध कराना

*699. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''शिक्षा लोन में बैंक की मनमानी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में 20 बैंकों को 2,720 छात्रों को शिक्षा ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था, जबकि वित्तीय वर्ष 2013-14 में मात्र 888 छात्रों को ही शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बैंकों द्वारा छात्रों को शिक्षा ऋण समय पर नहीं मिलने से कई मेधावी छात्र/छात्रायें पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को विवश हो रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बैंकों के खिलाफ कार्रवाई के साथ छात्रों को शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*700. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखण्ड के श्रीनगर थाना के आरक्षी के लिये सरकारी भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आरक्षी के लिये सरकारी भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

स्थिति सुदृढ़ करना

*701. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 21 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''आर्थिक संकट से जूझ रहे राज्य के सहकारी बैंक'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सहकारी बैंकों की कुल 308 शाखा संचालित है तथा उक्त सहकारी बैंकों को आर0 बी0 आई0 से सरकारी राशि जमा लेने के लिये लाईसेंस प्राप्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि सहकारी बैंकों की विभिन्न योजनाओं की राशि अन्य बैंकों में जमा होने से बैंकों की स्थिति दयनीय हो गयी है, राशि के कमी के कारण किसानों को ऋण उपलब्ध नहीं हो पाता है जबकि उक्त बैंकों को 25 प्रतिशत शेयर बिहार सरकार का है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सहकारी बैंकों में विभिन्न योजनाओं की राशि जमा कराकर बैंकों की स्थिति सुदृढ़ करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अभियुक्तों पर कार्रवाई

*702. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा के जमीन की घेराबन्दी तार द्वारा 2014 में की गई, जिसे तोड़कर अतिक्रमण कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस संबंध में महाविद्यालय द्वारा मब्बी ओ0पी0 में केस दर्ज किया गया है, लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मामले की जाँच करते हुये अभियुक्तों पर शीघ्र कार्रवाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाति का लाभ देना

*703. श्री (मो0) तौसिफ आलम--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में वर्ष 1994 से चौपाल जाति को सरकार ने अनुसूचित जाति का लाभ दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत, बहादुरगंज के चौपाल जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि जिला कल्याण पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक 54, दिनांक 4 फरवरी, 1994 ई0 के द्वारा चौपाल जाति को अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता दी गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चौपाल जाति को पुनः अनुसूचित जाति का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुलिस चौकी की स्थापना

*704. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियाँ थानान्तर्गत बेनवलिया बाजार अवस्थित पुलिस चौकी को पैक्स चुनाव 2014 के बाद से हटा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाजार में भारतीय स्टेट बैंक, मध्य ग्रामीण बैंक समेत अन्य व्यावसायिक बैंक स्थापित है;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्व में उक्त जगह चोरी, डकैती, हत्या एवं अपहरण की दर्जनों वारदातें हो चुकी है जिससे वहाँ के निवासियों समेत पूरे व्यावसायिक वर्ग में भय व्याप्त है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनः उक्त बाजार में पुलिस चौकी स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सरकारी बैंक खोलना

*705. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के पंचदेवरी प्रखन्डान्तर्गत जनता बाजार के 15 कि0मी0 क्षेत्रफल में कोई सरकारी बैंक नहीं होने से करीब 40 हजार आबादी को व्यावसायिक कार्य में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनता बाजार में सरकारी बैंक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*706. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड के जंगलाटाल ग्राम पंचायत के चिल्हनिया गाँव के कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ के कब्रिस्तान की घेराबन्दी करने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

यार्न डीपो की स्थापना

*707. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पावरलूम उद्योग, सिल्क उद्योग आदि उद्योगों के बुनकर के लिये यार्न डीपो नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि यार्न डिपो नहीं रहने के कारण उक्त बुनकरों को तैयार माल को रखने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भागलपुर में यार्न डीपो की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुमति देने का औचित्य

*708. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दिल्ली स्थित बिहार निवास के प्रांगण में सरकार द्वारा रेस्टोरेन्ट का निर्माण कर सालभर पूर्व पोर्ट बैली नामक निजी कम्पनी को दिया है जिसमें दो लिट्टी, 1 कॉफी एवं 1 बोतल पानी का मूल्य 545 रुपये है, यदि हाँ, तो सरकारी भवन में निजी कम्पनी का रेस्टोरेन्ट खोलने हेतु अनुमति देने का औचित्य क्या है ?

---

पदस्थापित करना

*709. श्रीमती पूनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''कर्मियों की समस्या से जूझ रहा थाना'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत बेलदौर थाना की स्थापना वर्ष 1978 में हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना में ए०एस०आई०, सिपाही एवं हवलदार के क्रमशः 5, 6 तथा 2 पद के विरुद्ध 3, 1 एवं 0 कर्मी पदस्थापित हैं, जिससे पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारियों के अभाव में क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वीकृत पद के विरुद्ध रिक्त पदों पर सिपाही एवं पुलिस पदाधिकारी पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना:
दिनांक 30 मार्च, 2015 (ई०)।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु० (एल०ए०), 170 डी०टी०पी०-450